SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 13 जुलाई 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 284

## अमिताभ बच्चन का बंगला जलसा कंटेनमेंट जोन घोषित, आसपास सील

### अनुपम खेर की मां, भाई व भाभी समेत 4 लोग हुए संक्रमित

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** न्यू फिल्म इंडस्ट्री में कोरोनावायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कल यानी शनिवार रात बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन को कोरोना संक्रमण की पुष्टी हुई। पिता-पुत्र की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद आज बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारियों ने मुंबई में अभिनेता अमिताभ बच्चन के निवास स्थान जलसा के बाहर एक बैनर लगा दिया है, जिससे इसे एक कंटेनमेंट जोन के रूप में परिभाषित किया जा सके। वहीं बताते चलें कि अब एक्टर अनुपम खेर की मां दुलारी भी कोरोना से संक्रमित हो गई हैं। इस बात की जानकारी एक्टर ने ट्वीट करके दी है। अनुपम खेर ने अपने ट्विटर हैंडल से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि दोस्तों आपको बताना चाहता हूं कि मेरी मां दुलारी कोविड-19 संक्रमित पाई गई हैं। उनमें हल्के लक्षण दिखे हैं। मां को कोकिलाबेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। साथ ही भाई, भाभी और भतीजी भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। मैंने खुद की भी कोरोना जांच करा ली है और टेस्ट नेगेटिव आया है। इसके साथ ही मैंने बीएमसी को इंफॉर्म कर दिया है।




बताते चलें कि कल यानी शनिवार रात बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन भी कोरोना संक्रमित पाए गए थे। दोनों ही नानावती हॉस्पिटल में भर्ती हैं। इलाज चल रहा है। दोनों को ही आइसोलेशन वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक अमिताभ बच्चन की हालत स्थिर है और वह जल्द ही बेहतर होकर घर वापस आएंगे।

अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन को हल्के बुखार की शिकायत थी। ऐसे में दोनों का एंटीजेन बॉडी टेस्ट किया गया था, जिसमें रिपोर्ट्स कोरोना पॉजिटिव आई। अब दोनों का एक और टेस्ट किया जाएगा, जिससे पूरी बॉडी डिटेल्स पता चल पाएंगी।

## अमिताभ के लिए अस्पताल के बाहर लगा फैंस का जमावड़ा

### महानायक के स्वस्थ होने की लोग कर रहे कामना



**मुंबई(आरएनएस)।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसके चलते दोनों को मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरक्षा कारणों से नानावटी अस्पताल और अमिताभ के घर की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित दोनों बंगलों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमिताभ बच्चन के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर मिलने के बाद लोगों ने विले पार्ले स्थित अस्पताल के बाहर एकत्रित होना शुरू कर दिया था, लेकिन उन्हें लगातार वहां से हटाया जा रहा है।

इस मामले में जानकारी देते हुए सांताक्रूज पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर ने कहा, अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ न लगे इसलिए हमने पुलिस बल की ज्यादा तैनाती कर दी है। अस्पताल में और भी कोरोना मरीज हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### माली में हिंसक प्रदर्शन में 3 लोगों की मौत, 74 घायल

**बमाको।** माली की राजधानी बमाको में दो दिवसीय हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन लोगों की मौत हो गयी है और कम से कम 74 अन्य घायल हो गये हैं। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हिंसा में तीन लोगों की मौत हुई है। विरोध-प्रदर्शन के कारण संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा है। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल असेंबली में भी लूटपाट की। प्रदर्शनों के आयोजक 'एम5-आरएफपी' ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को कम से कम छह नेताओं को गिरफ्तार किया गया। माली के राष्ट्रपति इब्राहिम बाउबकर कीता ने एक संदेश जारी कर हिंसा पर दुख जताया था और प्रदर्शनकारियों के साथ वार्ता जारी रखने की इच्छा दोहरायी थी। कीता ने देश में तनाव को कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे जिन्हें प्रदर्शनकारियों ने अस्वीकार कर दिया और देश में एक प्रधानमंत्री की नियुक्ति तथा राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग की।

### पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके

**न्यूयार्क।** पापुआ न्यू गिनी द्वीप समूह के पंगुना से 161 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रिक्टर पैमाने में भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का केन्द्र 5.5776 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154.229 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 169.72 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### ट्रंप सैन्य अस्पताल के दौरे पर पहली बार मास्क पहने दिखाई दिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के दौरान शनिवार को सैन्य अस्पताल के दौरे पर पहली बार मास्क पहने दिखाई दिए। ट्रंप मेरीलैंड में वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर जहां घायल सैनिकों और कोरोना वायसर के संपर्क मे आए चिकित्साकर्मियों का इलाज किया जा रहा है के दौरे पर संवाददाताओं से कहा, मैं मास्क लगाऊंगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब आप खास तौर पर एक अस्पताल में जा रहे होते हैं, जहां आपको बहुत सारे सैनिकों से बात करनी होती हैं, वहां कुछ मामलों में लोग ऑपरेशन टेबल से उतर गए होते है। उन्होंने कहा, मैं सोचता हूं मास्क पहनना बहुत अच्छी बात है। मैं कभी भी मास्क के खिलाफ नहीं हूं लेकिन मेरा मानना है कि उनके लिए समय और जगह होती है।

### अफगानिस्तान में तालिबान हमले में चार सुरक्षाकर्मियों की मौत, 10 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत बागलान में तालिबान आतंकवादियों के साथ झड़प में सुरक्षा बलों के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गये। टोलो न्यूज ने रविवार को बताया कि आतंकवादियों ने बागलान और समंगन प्रांतों के बीच राजमार्ग पर चश्मे शीर और और बाग-ए-शामल इलाकों में सुरक्षा बलों पर हमला किया। सूत्रों ने बताया कि राजमार्ग को कई घंटों तक यातायात के लिए बंद कर दिया गया और सुरक्षा बलों के चार वाहन भी संघर्ष में क्षतिग्रस्त हो गये। एक सैन्य कमांडर के अनुसार, संघर्ष के दौरान तालिबानी आतंकवादी भी हताहत हुए हैं हालांकि तालिबान ने अब तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### पाक में कोरोना के मामले 2,48,872 हुए, मृतक संख्या 5,197 हुई

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,521 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमण के मामले बढ़ कर 2,48,872 पर पहुंच गए हैं। वहीं संक्रमण से मरने वालों की संख्या 5,197 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण से ठीक होने की दर बढ़ रही है क्योंकि अब तक कुल 63 प्रतिशत लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।

## भारतीय रेलवे ने पहली बार विशेष रेलगाड़ी से सूखी मिर्ची बांग्लादेश भेजवाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने पहली बार देश की सीमा से परे बांग्लादेश के बेनापोल के लिए आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के रेड्डीपलेम से सूखी मिर्च की एक विशेष मालगाड़ी से ढुलाई की। आंध्र प्रदेश के गुंटूर और इसके आस-पास के इलाके मिर्च की खेती के लिए प्रसिद्ध हैं।

अपने स्वाद और ब्रांड में विशिष्टता के लिए इस कृषि उपज की गुणवत्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। इससे पहले, गुंटूर तथा आसपास के क्षेत्र के किसान और व्यापारी कम मात्रा में सूखी मिर्च सड़क मार्ग से बांग्लादेश ले जाते रहे हैं और इस पर लागत लगभग 7000 रुपये प्रति टन आती है। लॉकडाउन अवधि के दौरान, वे सड़क मार्ग से इस आवश्यक वस्तु को नहीं ले जा सके। तब रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिर्च ले जाने वालों से सम्पर्क किया और रेल से माल ले जाने की सुविधाओं के बारे में विस्तार से समझाया। तदनुसार, वे मालगाड़ियों के माध्यम से थोक में सूखी मिर्च को ले गए। लेकिन, मालगाड़ी से सामान भेजने के लिए किसानों और व्यापारियों को अधिक मात्रा यानी प्रत्येक खेप में कम से कम 1500 टन से अधिक माल का इंतज़ाम करना आवश्यक होगा।

इस समस्या को कम करने के लिए और रेल उपयोगकर्ताओं को कम मात्रा यानी प्रत्येक खेप में अधिकतम 500 टन तक का माल भेजने की सुविधा देने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे के गुंटूर डिवीजन ने पहल की और विशेष पार्सल एक्सप्रेस को बांग्लादेश के लिए रवाना किया। इससे गुंटूर के किसानों और व्यापारियों को विशेष पार्सल एक्सप्रेस के माध्यम से थोड़ी मात्रा में सूखी मिर्च का परिवहन करके देश की सीमा से बाहर अपने कृषि उत्पाद का विपणन करने में मदद मिली है।

## तहरीक-ए-हुर्रियत के चेयरमैन मोहम्मद अशरफ सेहराई गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार सुबह तहरीक-ए-हुर्रियत के चेयरमैन मोहम्मद अशरफ सेहराई को उनके घर से गिरफ्तार किया है. सेहराई कश्मीरी अलगाववादी नेता और तहरीक-ए-हुर्रियत के अध्यक्ष हैं. जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बताया कि अलगाववादी हुर्रियत नेता अशरफ सेहरई समेत प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के कुछ अन्य सदस्य हिरासत में लिए गए हैं जिनके खिलाफ सख्त जनसुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। उन पर कार्रवाई भी किया जा सकता है।

## राजस्थान के सभी बॉर्डर सील, हर वाहन पर नजर

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में जारी राजनीतिक घटनाक्रम के बीच एक बार फिर राज्य की सीमाओं को सील कर दिया गया है। राजस्थान सरकार के गृह विभाग ने इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। सरकारी आदेश में कहा गया कि बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए राज्य की सीमाओं को सील करने का फैसला किया गया है। जो कोई भी राजस्थान से बाहर जाना चाहता है, उसके लिए उसे पास लेने की जरूरत होगी और आने-जाने वाले हर वाहन की चैकिंग होगी।

राजस्थान की सीमाओं को सील करने का आदेश ऐसे समय आया है, जब राज्य में कांग्रेस सरकार गिराने की कोशिशों का मामला सामने आया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) राज्य में कांग्रेस की सरकार गिराने की साजिश रच रही है। फिलहाल, राजस्थान की सीमा पर चौकसी बरती जा रही है। विधायकों को राज्य से बाहर जाने से रोकने के लिए राजस्थान की सीमा को नियंत्रित करने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश की सीमा पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। साथ ही हाईवे पर विशेष नाकाबंदी चल रही है। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर सौरभ श्रीवास्तव ने सीमा को नियंत्रित करने का आदेश जारी किया है।




## चीन के मामले में राहुल ने फिर साधा मोदी सरकार पर निशाना

**नई दिल्ली।** चीन से तनातनी के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार को निशाने पर लिया है। राहुल ने सरकार से पूछा कि जब सब कुछ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नियंत्रण में था तो चीन ने भारत की जमीन कैसे ले ली?



राहुल ने एक न्यूज रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि एलएसी पर गलवां में सैनिक हटाए जाने के मुद्दे पर सरकार मीडिया को दिग्भ्रमित कर रही है। भारत अभी भी नुकसान की स्थिति में है। ट्विटर पर उन्होंने लिखा कि ऐसा क्या हुआ कि मोदी जी के शासन में चीन ने भारत माता की पवित्र जमीन को छीन लिया? गौरतलब है कि इससे पहले भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत और चीन के बीच जारी सीमा विवाद को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर हमला करते रहे हैं। सात जुलाई को उन्होंने पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में चीनी सेना के पीछे हटने और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई बातचीत को लेकर तीन सवाल पूछे थे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने र कहा था कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। भारत सरकार का कर्तव्य इसकी रक्षा करना है। इसलिए, पहला पूर्व की यथास्थिति बहाल करने पर जोर क्यों नहीं दिया गया? दूसरा- हमारे क्षेत्र में 20 निहत्थे जवानों की हत्या को चीन को सही ठहराने क्यों दिया गया? तीसरा- गलवां घाटी पर हमारी भूभागीय संप्रभुता का उल्लेख क्यों नहीं किया गया? राहुल ने भारत और चीन की सरकारों के बयानों को साझा किया था।

इससे पहले चार जुलाई को भी राहुल ने मोदी सरकार पर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने कहा था कि देशभक्त लद्दाखी चीनी घुसपैठ के खिलाफ अपनी आवाज उठा रहे हैं और सरकार से अपनी बात सुनने को कह रहे हैं। उनकी चेतावनी को नजरअंदाज करना भारत को महंगा पड़ सकता है।

## डॉ. हर्षवर्धन ने सरदार पटेल कोविड केयर सेंटर एंड हॉस्पिटल का भ्रमण किया

**नईदिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने रविवार को छतरपुर, नई दिल्ली में सरदार पटेल कोविड केयर सेंटर (एसपीसीसीसी) का भ्रमण किया और केन्द्र में कोविड-19 प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की। केन्द्र और राज्य सरकार ने रोकथाम के उपायों को बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयासों के तहत छतरपुर, नई दिल्ली में राधा स्वामी सत्संग ब्यास (आरएसएसबी) को 10,200 बिस्तर वाले सरदार पटेल कोविड केयर सेंटर के रूप में विकसित किया है। केन्द्र के भ्रमण और विस्तृत समीक्षा के दौरान डॉ. हर्ष वर्धन ने आरएसएसबी के रसोई क्षेत्र का दौरा किया।

## भारत में आकर नवाचार करने प्रधान ने छात्रों से की अपील

**नईदिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों से देश में उभरते अवसरों का पता लगाने के लिए भारत आने और नवाचार करने की अपील की है। प्रधान कल भारत में अंतिम मील ऊर्जा उपयोग पर युवा विदेशी भारतीय विद्वानों,छात्रों और दोस्तों के एक उत्साही समूह के साथ बातचीत कर रहे थे। इस ई-बैठक का आयोजन प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के लीड इंडिया ग्रुप,थिंक इंडिया पर्ड्यू,मैरीलैंड विश्वविद्यालय में डेवलप एम्पावर एंड सिनरगाइज इंडिया ग्रुप ने किया था। भारत की ऊर्जा दृष्टि को ध्यान में रखते हुएधर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के ऊर्जा भविष्य के लिए एक स्पष्ट रोडमैप की कल्पना की है जो पांच प्रमुख तत्वों जैसे ऊर्जा उपलब्धता और सभी के लिए सुलभता, गरीबों में सबसे गरीब लोगों के लिए ऊर्जा सामर्थ्य,ऊर्जा के उपयोग में दक्षता,एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक के रूप में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ऊर्जा स्थिरता और वैश्विक अनिश्चितताओं को कम करने के लिए ऊर्जा सुरक्षा पर आधारित है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के बारे में बताते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हमने 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत की।

## सरकार गिराए बिना नहीं बनेगी सचिन पायलट की बात

### सिंधिया के जरिए भाजपा के संपर्क में हैं पायलट

### जरूरी संख्या बल पर आश्वस्त होने के बाद ही मुखर होगी भाजपा

### केंद्रीय नेतृत्व ने फिलहाल बना रखी है पायलट से दूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्थान में कांग्रेस में अंतर्कलह के चरम पर पहुंचने के बावजूद भाजपा जल्दबाजी में नहीं है। हालांकि बगावती तेवर अपनाने वाले उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट हाल ही में कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया के जरिए पार्टी नेतृत्व के संपर्क में हैं। दरअसल भाजपा नेतृत्व की रणनीति पायलट द्वारा गहलोत सरकार को गिराने केबाद ही इस मामले में आगे भूमिका निभाने की है।

सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व संख्या बल के मामले में आश्वस्त होना चाहता है। अब तक अधिकतम 20 विधायकों के पायलट के साथ होने की बात कही जा रही है। हकीकत यह है कि अब तक खुल कर महज 12 विधायक ही पायलट केसाथ हैं। उस पर यह स्पष्ट नहीं है कि ये सभी गहलोत सरकार गिराने और जरूरी पडने़ पर भाजपा में शामिल होने के लिए राजी होंगे या नहीं। फिर यह संख्या बेहद कम है। क्योंकि गहलोत सरकार को 12 निर्दलीय और छोटे दलों के विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है।



**इसलिए नेतृत्व बना रहा दूरी-** पायलट के साथ भाजपा की अपेक्षा के अनुरूप विधायक न होने के कारण ही भाजपा के शीर्ष नेता खुल कर इस मामले में सामने नहीं आए हैं। पायलट फिलहाल राजस्थान इकाई के नेताओं और सिंधिया के हां संपर्क में हैं। ऑपरेशन मध्य प्रदेश में भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका ऐसी ही थी। कमलनाथ सरकार की विदाई की राह की सभी अड़चनें दूर होने केबाद ही गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री से ज्योतिरादित्य सिंधिया की मुलाकात कराई गई थी। इससे पहले इस ऑपरेशन से राज्य के भाजपा नेता ही जुड़े थे।

**गहलोत सरकार की विदाई के प्रति भाजपा आश्वस्त-** भाजपा हालांकि हड़बड़ी में नहीं है, मगर उसे देर सबेर गहलोत सरकार की विदाई तय लग रही है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि राज्य में गहलोत बनाम पायलट की लड़ाई जिस स्तर पर पहुंच गई है, उसका निदान निकालना मुश्किल है। कांग्रेस नेतृत्व अगर पायलट को सीएम बनाती है तो गहलोत खेमा बगावत करेगा। इसकी उल्टी स्थिति में पायलट खेमा मोर्चा खोलेगा।

**भाजपा का यक्ष प्रश्न-** भाजपा की दूसरी चुनौतियां भी हैं। पार्टी के 60 फीसदी से अधिक विधायक वसुंधरा राजे के कट्टर समर्थक हैं। ऐसे में सवाल यह भी है कि अगर पार्टी नेतृत्व सचिन पायलट को सीएम बनाने के लिए राजी हुआ तो क्या वसुंधरा समर्थक विधायक इस आशय के निर्देश का पालन करेंगे?